C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 02 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 18 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# बिजौलिया में पत्रकार सम्मेलन में भीलवाड़ा फोकस समाचार पत्र का लोकार्पण, पत्रकारिता के क्षेत्र में एक नई सुबह

## भीलवाड़ा फोकस पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएगा-विधायक खंडेलवाल







मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अतिथियों ने किया प्रथम संस्करण का लोकार्पण




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

बिजोलिया । बिजोलिया नगर के रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट में मंगलवार को प्रेस ट्रस्ट बिजौलिया के तत्वावधान में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र 'भीलवाड़ा फोकस' के प्रथम संस्करण का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल तथा अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने जोगणिया माता मंदिर के पं. नारायण एवं अमित द्वारा किए मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन से की । प्रेस ट्रस्ट बिजौलिया के अध्यक्ष श्याम विजय के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को साफा पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

## भीलवाड़ा फोकस का प्रथम अंक- पत्रकारिता को नई दिशा

प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय के संपादकीय नेतृत्व में प्रकाशित 'भीलवाड़ा फोकस' का लोकार्पण करते हुए मंचासीन अतिथियों ने इसे जिले की पत्रकारिता में नई सोच, निर्भीक दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताया।

मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भीलवाड़ा फोकस जैसे निर्भीक और उद्देश्यपूर्ण प्रयास पत्रकारिता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मैं इसके प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय को इस पहल के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि यह अखबार निकट भविष्य में जिले में ही नहीं, प्रदेश की भी पहचान बनेगा।

उन्होंने प्रेस ट्रस्ट कि मांग पर यह भी घोषणा की है की आरोली व होड़ा टोल नाकों पर जिले के पत्रकारों को शीघ्र छूट दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही उन्होंने पत्रकारों के जोखिमपूर्ण कार्य को नमस्कार करते हुए पत्रकार हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने कहा की बिजौलिया की क्रांतिकारी धरती से एक जागरूकता का दीप जला है। 'भीलवाड़ा फोकस' जिले ही नहीं, प्रदेश स्तर पर सामाजिक चेतना का माध्यम बने – यही शुभकामना है।






## वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों के प्रेरणादायक विचार

### मूलचंद पेसवानी (मीडिया काउंसिल ऑफ़ जर्नलिस्ट्स प्रदेश उपाध्यक्ष)-

"किसान आंदोलन की क्रांतिकारी भूमि से निकला यह अखबार ग्रामीण पत्रकारों के लिए एक बड़ी आशा है। भीलवाड़ा फोकस न केवल खबर देगा, बल्कि सच के साथ खड़ा रहेगा।" इन्होंने ग्रामीण पत्रकारों की महत्ता और आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और समाचार की दुनिया में ग्रामीण पत्रकारो को रीढ़ की हड्डी बताया है ।

### घनश्याम सोनी (शिक्षाविद, स्वतंत्र गूंज संपादक)

"पत्रकारिता का उद्देश्य सिर्फ सूचनाएँ देना नहीं, बल्कि उन तक पहुँचना है जो आज भी मीडिया से अछूते हैं। यह जिम्मेदारी 'भीलवाड़ा फोकस' पूरी करेगा।"

### नरेंद्र जैन (वरिष्ठ पत्रकार)

"आज के समय में प्रिंट मीडिया को चलाना काफ़ी जोखिम भरा काम है। ऐसे समय में एक युवा पत्रकार कपिल विजयवर्गीय द्वारा उठाया गया यह जिम्मा वाकई काबिले तारीफ़ है। यह अखबार पत्रकारिता को फिर से जनमानस से जोड़ने का साहसिक प्रयास है।"

## प्रेस्ट ट्रस्ट के पदाधिकारियों को वितरित किए आई डी कार्ड

कार्यक्रम के दौरान प्रेस ट्रस्ट बिजौलिया की ओर से पत्रकारों को सरकारी मान्यता प्राप्त संस्था के पहचान पत्र (ID कार्ड) वितरित किए गए, जिनका विधायक खंडेलवाल एवं मंडल अध्यक्ष बंजारा ने वितरण किया।

## कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार

• **प्रशासनिक अधिकारी –**

उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार ललित डीडवानिया, थाना प्रभारी लोकपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, फोरमेन गिरिराज मीणा

• **राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधि –**

बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुमित जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यकारी सदस्य शिव चन्द्रवाल, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र राजौरा, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील जोशी, ओम मेड़तिया, बिट्ठल तिवारी, रामप्रसाद मेड़तिया, शक्तिनारायण शर्मा, रामस्वरूप मेवाड़ा, चांद पालीवाल, राजेश पुरोहित, नवीन नाहर, शांतिलाल जोशी, वेदप्रकाश तिवाड़ी, नवीन धनोप्या

• **प्रेस ट्रस्ट एवं मीडिया प्रतिनिधि –**

प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय, सचिव अनिल नागौरी, कोषाध्यक्ष कपिल विजय, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप रावल, मूलचंद पेसवानी, नरेंद्र जैन, कार्तिक नारायणीवाल (दैनिक भास्कर), अरुण पाराशर, चेतन ठठेरा, नवीन जोशी, मनीष शर्मा (बागोर), बबलू पोखरना, श्याम सुंदर शर्मा, चेतन जी, दिनेश पारीक, भेरू चौधरी, पंकज पोरवाल, रामप्रसाद आचार्य, महावीर वैष्णव, पीरू मंसूरी, मुकेश कुमार माहेश्वरी, राकेश कुमार मीना, विकास चंद जैन, जुनेद अली, गर्वित विजय, गिरधर पाराशर, महावीर सुथार, देवी लाल साहू, केसरिमल मेवाड़ा, सुरेश कुमार लोढ़ा, सुरेश राठौर, ललित चावला, नरेन्द्र कुमार जैन, अर्जुन धाकड़, भूरे ख़ान, सौराज सिंह, दिनेश कुमार गुर्जर, दीपक राठौर, जगदीश सोनी, फरीद ख़ान, प्रदीप पटवारी, रमेश गुर्जर, दिनेश गुर्जर, दिनेश वैष्णव, नरेश धाकड़, डॉ. संस्कार सोनी, दिनेश सनाढ्य, मानव तिवारी, रवि अहीर, निर्मल खटिक, प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

C M Y K



भीलवाड़ा जिले के पत्रकार साथियों की कार्यक्रम में रही मौजूदगी









उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ एवं तहसीलदार ललित डीडवानिया द्वारा भीलवाड़ा फ़ोकस का लोकार्पण एवं प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय एवं भीलवाड़ा फोकस प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय द्वारा किया गया सम्मान



मांडलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल का स्वागत करते प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय , सचिव अनिल नागौरी एवं प्रदीप पटवारी





राजस्थान न्यूज़ ट्रेक के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप रावल का मिला मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद



भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा का स्वागत करते घनश्याम सोनी एवं मानव तिवाड़ी




























मंच संचालन करते प्रेस ट्रस्ट कोषाध्यक्ष एवं भीलवाड़ा फ़ोकस प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय



लोकार्पण के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि





कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर दीप प्रज्वलन करते हुए विधायक एवं अन्य



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि एवं अन्य



कार्यक्रम में कुंडालिया से पधारे सदस्य




कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक गोपाल खंडेलवाल




कार्यक्रम में उपस्थित प्रेस ट्रस्ट के सदस्य



'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# बढ़ती दुकानें,सिमटता व्यापार मंदी की चपेट में बिजौलियां बाजार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**कमलेश सोनी**



सुना पड़ा बिजोलिया का बाजार

जिले के गल्फ कहे जाने वाले बिजौलियां के बाजार का हाल इन दिनों अच्छा नहीं चल रहा है। मुख्य रुप से पत्थर व्यवसाय पर आश्रित यहां के बाजार में मंदी का दौर चल रहा है। पिछले दो दशकों में यूं तो आबादी और बाजार का विस्तार खूब हुआ है पर क?ई कारणों से व्यापार कमजोर होने लगा है। यहां हर व्यवसाय की दुकानें बढ़ रही है। बाजार भी फ़ैल गये है। नगर पालिका चौक से तेजाजी का चौक, सब्जी मंडी से पुलिस थाना,तेजाजी का चौक से बस स्टैंड ,तेजाजी का चौक से मालीपुरा, मालीपुरा चौराहे से केसरगंज ,इंदिरा कॉलोनी , शक्करगढ़ चौराहा, सब तरफ बाजार का विस्तार हो गया है लेकिन कुछ ही दुकानें अच्छा कारोबार कर पा रही हैं। डफोले से बड़ा दरवाजा तक का बाजार पहले ही खत्म हो गया है।

पिछले दो वर्षों से पत्थर व्यवसाय में मंदी से अन्य सभी व्यवसायों पर भी असर पड़ा है। ऑनलाइन ऑर्डर और होम डिलीवरी से छोटे दुकानदार परेशान हैं। क्रय शक्ति वाले ग्राहक कोटा भीलवाड़ा से खरीदी करने लगे हैं। बड़ी जातियों के सामाजिक बदलावों और अपनी ही बिरादरी से सामान लेने की परम्परा ने बाजार को प्रभावित किया है। रेडीमेड वस्त्र, मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक सामान अब ऑनलाइन आने लगे हैं। रेडिमेड वस्त्रों की हर साल नई दुकानें खुल रही हैं तो एक आध साल में बंद भी हो रही है।

कपड़े ,बर्तन,किराणा व्यवसाय कुछ दुकानों में सिमट गया है।

दुकानदारों ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रचलन बढ़ गया है तो आयोजन समितियां बल्क अन्य शहरों से सामग्री खरीदने लगी है।

व्यापारियों ने बताया कि बाजार बढ़ रहा है लेकिन ग्राहकी कमजोर हो गई है।

कुछ दुकानदार मानते हैं कि दुकानों का

बढ़ता किराया और कमजोर ग्राहकी से वे निराश हैं। हालांकि दो वर्षों बाद इस वर्ष पत्थर व्यवसाय गति पकड़ने लगा है।

# गेगा का खेड़ा गांव में तीन दिवसीय नानी बाई मायरो कथा का शुभांरभ

## 11 जल कलशों की शोभायात्रा निकाली

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)** कस्बे के निकटवर्ती गेगा का खेडा गांव में मंगलवार को तीन दिवसीय नानी बाई मायरो कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजक कन्हैया लाल लुहार ने बताया कि इस दिन प्रात 10ः15 बजे हनुमान मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ के कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें पंडित कथा वाचक युवराज वैष्णव ,सत्यनारायण शर्मा, रोहित शर्मा, देवराज शर्मा ने मंत्रोका उच्चारण किया । इसके बाद कथा व भगवान लक्ष्मी नाथ की शोभायात्रा 11 जल कलशों के साथ हनुमान मंदिर चौक से रवाना हुई। जो गांव के प्रमुख मार्गो से साथ 2ः15 बजे भगवान लक्ष्मी नाथ मंदिर कथा स्थल पहुंची। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष व छोटे-छोटे बच्चों ने हरि कीर्तन करते व नाचते गाते चल रहे थे। कथावाचक श्री वैष्णव ने कथा के प्रथम दिन भक्त नरसी मेहता की भक्ति का गुणगान किया और कहा कि नरसी मेहता ने श्री कृष्ण के नाम पर अपना सर्वत्र दान कर दिया। उनकी भक्ति के प्रताप से नानी बाई का मायरा भरने के लिए स्वयं श्री कृष्ण को आना पड़ा । इस मौके पर दशरथ लुहार,अवधेश लुहार ,रामचंद्र लुहार,कन्हैया लाल तिवाड़ी, लादू लाल तिवाड़ी, भैरू लाल पुरोहित,बालू लाल भुवालिया, सुनील तिवाड़ी , शिव पुरोहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीयर रिव्यू जैसी प्रक्रिया प्रोफेशनल कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करती हैः सीए आलोक सोमानी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

**(पंकज पोरवाल)** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भीलवाड़ा शाखा द्वारा पीयर रिव्यू बोर्ड, आईसीएआई के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन मंगलवार को आईसीएआई भवन, पटेल नगर, भीलवाड़ा में किया गया। यह कार्यक्रम देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सहकर्मी समीक्षा प्रणाली की बारीकियों, तकनीकी एवं नैतिक मानकों तथा गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें भीलवाड़ा सहित अन्य शहरों से आए लगभग 100 से अधिक सीए सदस्यों ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी ने बताया कि पीयर रिव्यू जैसी प्रक्रिया प्रोफेशनल कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करती है। यह कार्यक्रम समीक्षकों को आई.सी.ए.आई. द्वारा निर्धारित तकनीकी और नैतिक मानकों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम पेशे की गरिमा बनाए रखने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सीआईआरसी) के पूर्व अध्यक्ष सीए देवेंद्र सोमानी एवं वर्तमान सदस्य सीए निर्भीक गांधी थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आईसीएआई द्वारा आयोजित इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चार्टर्ड एकाउंटेंसी प्रोफेशन को मजबूती प्रदान करते हैं और सदस्यों को अद्यतन ज्ञान से सुसज्जित करते हैं। उन्होंने पीयर रिव्यू को एक ऐसा साधन बताया जो समाज और प्रोफेशन के प्रति जवाबदेही और गुणवत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। शाखा सचिव सीए अक्षय सोडानी ने बताया कि यह कार्यक्रम पीयर रिव्यू बोर्ड द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा समीक्षा प्रक्रियाओं, रिपोर्टिंग ढांचे, गुणवत्ता नियंत्रण और नैतिक दायित्वों जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जो सभी उपस्थित सदस्यों के लिए अत्यंत लाभकारी रही। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता, इंदौर से पधारे चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए असीम त्रिवेदी ने अपने व्याख्यान में पीयर रिव्यू की प्रासंगिकता और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक प्रभावी पीयर रिव्यू न केवल फर्म की गुणवत्ता को मापने का एक माध्यम है, बल्कि यह व्यावसायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने का एक मजबूत साधन भी है। उन्होंने समीक्षा प्रक्रिया में अनुसरण किए जाने वाले मानकों, रिपोर्टिंग प्रणाली की तकनीक, तथा आश्वासन गुणवत्ता परिपक्वता मॉडल (एस्योरेंस क्वालिटी मैच्योरिटी मॉडल) की भूमिका को विस्तार से समझाया। साथ ही, तकनीकी और व्यावसायिक मानकों का अनुपालन किस प्रकार सुनिश्चित किया जाए, इस पर भी गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता, जयपुर से पधारे प्रतिष्ठित सीए भूपेंद्र मंत्री ने गुणवत्ता नियंत्रण के सामान्य एवं विशिष्ट फ्रेमवर्क, नैतिक मानकों के अनुपालन और ऑडिट प्रलेखन की महत्ता पर सारगर्भित चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक पीयर रिव्यूअर के लिए यह आवश्यक है कि वह फर्म के कार्यों में नैतिकता और गुणवत्ता की जाँच करते हुए निष्पक्ष रिपोर्टिंग करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही डॉक्युमेंटेशन और नैतिक मापदंड ही किसी समीक्षा को सटीक एवं प्रभावशाली बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन भीलवाड़ा शाखा सचिव सीए अक्षय सोडानी द्वारा किया गया। इसमें सीए कैलाश चन्द्र बाहेती, शिव प्रकाश झंवर, नवीन वागरेचा, दिनेश सुथार, एसएन लाठी, पुलकित राठी, पुनीत मेहता, दिनेश आगाल, आलोक पलोड़, सोनेश काबरा, हरीश सुवालका, गौरव मालू, सुरेश अग्रवाल सहित लगभग 50 से अधिक सीए सदस्य उपस्थित थे।

# फर्जी रवाना से बजरी परिवहन करने पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ट्रेलर जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



पुलिस थाना द्वारा अवैध बजरी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी रवाना के माध्यम से बजरी भरकर ले जा रहे एक ट्रेलर को जब्त किया गया है। ट्रेलर में 39 टन बजरी का परिवहन किया जा रहा था ।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया को 15 जून की रात्रि को पुलिस टीम ने गस्त के दौरान आरोली स्थित जोगनिया होटल के पास एक ट्रेलर को खड़ा पाया। इस दौरान पूछताछ में सामने आया कि ट्रेलर में बजरी भरी होकर बिजयनगर ब्यावर से होकर आना बताया है । चालक ने पुलिस को बताया की बजरी चैनपुरिया काछोला से भरी गई है । चालक के पास कोई वैध कागजात नहीं होने पर ट्रेलर को जब्त कर पुलिस थाना लाया गया है ।

पुलिस ने मामले को लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की है। कार्रवाई में कॉन्सटेबल लक्ष्मण सिंह, राजेन्द्र मौजूद रहे ।

## QUICK BITES

### मांडलगढ़ पंचायत समिति की साधारण सभा 20 जून को, जनहित के मुद्दों पर होगी चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

**( केसरीमल मेवाड़ा)** मांडलगढ़ पंचायत समिति की साधारण सभा का आयोजन 20 जून गुरुवार को किया जाएगा। यह बैठक पंचायत समिति सभागार में सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान जितेन्द्र मूंदड़ा करेंगे।

पंचायत समिति विकास अधिकारी संगीता व्यास ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र की पेयजल किल्लत, बिजली समस्याएं, सिंचाई से जुड़ी आवश्यकताओं, शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न जनहितकारी मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी।

सभा में सभी ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत सदस्यों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर विचार कर, उनका स्थायी समाधान निकालने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी।

### पूर्व नगर अध्यक्ष की पुण्य स्मृति में सेवाभाव, उप जिला चिकित्सालय में फल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



बिजोलिया - फल वितरण करते हुए

कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंगलवार को राजकीय उप जिला चिकित्सालय में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मरीजों को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, डॉ. अंसार खान, डॉ. मुकेश धाकड़, नगर मंडल अध्यक्ष अनिल राव, रणजीत सिंह कानावत, मनीष टॉक, विशाल तिवारी, दिनेश पालीवाल, अमित कुमार, सुनील शर्मा, गजेंद्र सिंह, मुकेश पेंटर, बाबूलाल नायक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्व. भंवरलाल जोशी की पुण्यतिथि पर 15वां रक्तदान शिविर, 115 यूनिट रक्त संग्रहित

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा



**( महावीर सुथार )** – पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल जोशी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर जोशी फार्म हाउस पर 15वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 115 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में दिनेश सिंह शक्तावत, चिकित्सा प्रभारी राहुल चौधरी एवं युवा साथियों के नेतृत्व में आसपास के गांवों से आए युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों का जोशी परिवार द्वारा हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर नंदकिशोर सनाढ्य, ओम प्रकाश जोशी, जोगणिया माता शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, विनय जोशी, विनोद सनाढ्य, आनंद मोहन जोशी, संदीप जांगिड़ सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल 20 जून को कार्यकर्ताओं के साथ काछोला में मनाएंगे जन्मदिवस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

भीलवाडा ज़िले के मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल आने वाली 20 जून को कार्यकर्ताओं के साथ काछोला में जन्मदिवस कार्यक्रम धूम धाम से मनाया जाएगा भाजपा नेता संदीप सोनी ने बताया कि विधायक महोदय के जन्मदिवस के उपलक्ष में काछोला क्षेत्र में देव दर्शन में सरथल्ला चारभुजा नाथ व काछोला स्थित गायत्री शक्तिपीठ के दर्शन कर पक्षियों के परिंडे बांधे जायेंगे व राज्य सरकार द्वारा चलाए गये हरितमा संवर्धन के तहत काछोला में वृक्षारोपण किया जाएगा व काछोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों को फल वितरित किए जाएंगे।सोनी ने बताया कि विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा क्षेत्र की सबसे बड़ी विकास की सौगात थल चौराहे से भौंरण चौराहा तक स्वीकृत नवीन सड़क मार्ग का शिलान्यास किया जाएगा ! जन्मदिवस के उपलक्ष में कार्यकर्ताओं का स्नेहमिलन व स्नेहभोज कार्यक्रम सांवरिया रिसोर्ट में रखा गया हे जहां पर भव्य आतिशबाजी के साथ विधायक का स्वागत किया जाएगा व विधायक द्वारा क्षेत्र में दी विकास की सौगात को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890